भारत सरकार
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

विज्ञापन सं. **1/2018 (आर-V)**

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख : **14 मई, 2018**

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के **विकिरण औषध केंद्र** द्वारा **होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (HBNI) (मानित विश्वविद्यालय) मुंबई** के तत्वावधान में निम्नलिखित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

1.पाठ्यक्रम: चिकित्सकीय रेडियो आइसोटोप तकनीक में डिप्लोमा (डी.एम.आर.आई.टी.)
इस पाठ्यक्रम द्वारा अभ्यर्थियों को नाभिकीय चिकित्सा केंद्रों में नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी विद के रूप में कार्य करने की योग्यता प्राप्त होगी । प्रशिक्षण में पूर्णकालिक व्याख्यान, निदर्शन, प्रयोग, शिक्षु कार्यक्रम शामिल होंगे । परीक्षा का आयोजन होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (HBNI) मुंबई द्वारा किया जाएगा । प्रशिक्षण की अवधि के दौरान अभ्यर्थी कोई अन्य नौकरी नहीं करेगा या किसी अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल नहीं होगा ।

2. प्रशिक्षण की अवधि : एक शैक्षणिक वर्ष (2018-2019)। यह कार्यक्रम एक शैक्षणिक वर्ष का होगा जिसमें 2 सेमेस्टर होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में एक परीक्षा होगी ।

3. प्रवेश हेतु आवश्यकताएं : रसायन विज्ञान या भौतिकी एक विषय के रूप में बी.एससी. में 50% अंकों सहित विज्ञान में स्नातक उपाधि (बी.एस.सी.) (रसायन विज्ञान/भौतिकी/गणित/प्राणी विज्ञान/सूक्ष्म जैविकी/जैव रासायनिकी/जैव सूचना विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी। तथापि, जब कभी एमएचआरडी/यूजीसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा 50% से अधिक के लिए अनुबंध होगा वही अनुबंधित % का पालन किया जाएगा । बी.एससी. अंतिम परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि उन्होंने I एवं II वर्ष बी.एससी. परीक्षा में कम से कम 50% औसत अंक प्राप्त किए हों ।

4. आयु सीमा : दिनांक 1 मई, 2018 को 35 वर्ष से अधिक नहीं । अनुसूचित जाति/जन जाति(5 साल) अन्य पिछडी जाति (3 साल), विकलांग श्रेणी (10 साल) एवं प्रायोजित अभ्यर्थी के मामले में ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है । निचले अग्रांगों तक सीमित शारीरिक अशक्तता वाले केवल उन अभ्यर्थियों पर ही विचार किया जाएगा जो खड़े रह सकते हैं एवं चल-फिर सकते हैं तथा पाठ्यक्रम की आवश्यकता को पूरा कर सकते हैं । चयनित अभ्यर्थी नाभिकीय चिकित्सा टेक्नॉलॉजिस्ट की ड्यूटी करने में सक्षम होने चाहिए।

5. सीटों की संख्या : अधिकतम 10 (दस) : (5 अप्रायोजित एवं 5 प्रायोजित) । एक सीट प्रायोजित अथवा अप्रायोजित श्रेणी में से एससी/एसटी /ओबीसी के लिए आरक्षित है । *उल्लिखित सीटों की संख्या अनंतिम है तथा इसमें परिवर्तन हो सकता है ।

टिप्पणी : *संस्थान द्वारा ऐसे प्रायोजित अभ्यर्थी जिन्हें उक्त विषयों में से किसी में बी.एससी. में 50% औसत अंक प्राप्त हुए हैं और जिन्हें प्रशिक्षण के पश्चात उसी संस्थान में तत्काल रोज़गार हेतु चुना गया है, आवेदन कर सकते हैं । उनको अपनी संस्था के अध्यक्ष से नियोजन प्रमाणपत्र [अनुलग्नक -III] प्रस्तुत करना होगा कि प्रशिक्षण की अवधि के दौरान उनको वेतन का भुगतान किया जाएगा और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर उन्हें प्रायोजक संस्थान में उपयुक्त नियुक्ति दी जाएगी।*

6. सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) : प्रवेश का मानदंड सीईटी (सामान्य प्रवेश परीक्षा) होगा । जिसमें 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। सीईटी का पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा या समतुल्य के विज्ञान

विषयों 1) भौतिकी 2) रसायन विज्ञान 3) गणित या जैविकी में से लिया जाएगा । योग्यता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करने होंगे। योग्यता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की एक योग्यता सूची तैयार की जाएगी और अभ्यर्थियों का चयन योग्यता के क्रम में किया जाएगा । सीईटी भापअ केंद्र, ट्रांबे मुंबई में आयोजित की जाएगी । सीईटी दिनांक **26.05.2018** को **अणुशक्तिनगर भापअ केंद्र, ट्रांबे, मुंबई -400 094** में प्रात: **11.00** बजे आयोजित की जाएगी । परिणाम सीईटी के 15 दिन के अंदर भापअकेंद्र वेबसाइट http://recruit.barc.gov.in / www.barc.gov.in पर भी प्रदर्शित की जाएगी ।

7. दस्तावेज प्रस्तुतीकरण : सीईटी के दिन अभ्यर्थियों से एचएससी एवं बी.एससी. की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र सहित आयु,जाति के प्रमाणस्वरूप साक्ष्यांकित प्रतियां और प्रायोजक पत्र (यथा लागू) लिए जाएंगे । जिन अभ्यर्थियों ने बी.एससी. अंतिम वर्ष की परीक्षा दी है और परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं वे आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि उन्होंने बी.एससी के पहले और दूसरे वर्ष की परीक्षा में कम से कम 50% औसत अंक प्राप्त किए हों ।

8. वृत्तिका : प्रत्येक अप्रायोजित प्रशिक्षार्थी को रू. 9,300/-(रुपए नौ हजार तीन सौ मात्र) प्रतिमाह वृत्तिका दी जाएगी । **तथापि, प्रायोजित प्रशिक्षार्थियों के लिए कोई वृत्तिका अनुमेय नहीं है।**

9. डिप्लोमा प्रदान करना :

i. डिप्लोमा में सफलता की घोषणा अध्ययन बोर्ड द्वारा नियत अर्हक अंकों या ग्रेडों तथा अन्य मानकों पर आधारित होगी ।

ii. पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि अधिकतम दो वर्ष की होगी ।

iii. सभी अभ्यर्थियों के परीक्षा का परिणाम संघटक इकाई के शैक्षणिक डीन के कार्यालय द्वारा डीन-एचबीएनआई को सूचित किया जाएगा । सफल अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा ।

10. शुल्क: भापअ केंद्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा । तथापि होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (HBNI) द्वारा निर्धारित रु. 8000/- (रुपये चार हज़ार मात्र) के आवश्यक शुल्क का भुगतान करना होगा । चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भापअ केंद्र को रु. 2,000/- (दो हजार रुपये मात्र) जमानत राशि का भुगतान करना होगा ।

11. आवास : प्रशिक्षार्थी छात्रावास में आवास हेतु आवेदन कर सकते हैं । उन्हें बोर्डिंग एवं लॉजिंग के लिए भुगतान करना होगा । फिर भी आवास की कोई गारंटी नहीं है ।

12. पाठ्य विवरण : डीएमआरआईटी पाठ्यक्रम हेतु पाठ्यविवरण संलग्न है **[अनुलग्नक I]**

टिप्पणी :

- सी.ई.टी में उपस्थिति के लिए **कोई यात्रा-भत्ता नहीं** दिया जाएगा ।
- आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य हैं। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दिनांक **20.04.2018 से 14.05.2018** तक उपलब्ध रहेगी ।
- **फोटोग्राफ :** पासपोर्ट आकार के सामने से खींचें गए और हल्के बैक-ग्राउंड वाले फोटोग्राफ आवेदन के साथ अपलोड करना होगा ।
- केंद्र /राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्ति अपना आवेदन पत्र **उचित माध्यम से** ही भेजें । तथापि वे आवेदन पत्र की एक अग्रिम प्रति भेज सकते हैं। जो आवेदन निर्धारित प्रपत्र (ऑनलाइन) के अनुसार नहीं होंगे उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।
- ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुतीकरण के लिए वेबसाइट http://recruit.barc.gov.in देखें ।

281C

अनुलग्नक I

प्रायोजित अभ्यर्थियों हेतु संस्था के अध्यक्ष से संस्था के पत्र शीर्ष पर पत्र का प्रारूप
(आवेदन के साथ संलग्न करना है)

श्री/श्रीमती/कुमारी _____ को DMRIT हेतु वर्ष 2018-2019 के दौरान विकिरण चिकित्सा केंद्र, भापअ केंद्र में आयोजित होने वाले DRM/DMRIT प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रायोजित किया जाता है । वे इस संस्था में _____ से कार्यरत हैं । यदि उनका इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए चयन किया जाता है तो इस संस्था द्वारा उन्हें प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान वेतन/वृत्तिका का भुगतान किया जाएगा ।

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा होने के पश्चात, हम डॉ/श्री/श्रीमती/कुमारी _____ को हमारी संस्था में उपयुक्त रूप से नियुक्त करने का वचन देते हैं ताकि नाभिकीय चिकित्सा में उनके प्रशिक्षण का सही उपयोग हो सके ।

_____
संस्था के अध्यक्ष के हस्ताक्षर
(उपर्युक्त वचनबद्धता करने के लिए
संस्था का प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी)

(कार्यालय की मुहर)